DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL

BARIATU, RANCHI

FREQUENTLY ASK QUESTIONS IN BOARD EXAMINATION (XII)

SUBJECT: HINDI

CHAPTER NAME:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —-------------------------

1.लेखक द्विवेदी जी ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है और उन्होंने ऐसा क्यों कहा कि वह अवधूत आज कहां है?

2. कवि के लिए अनासक्त योगी की स्थिर प्रज्ञता और विदग्ध प्रेमी का हृदय एक साथ आवश्यक है|ऐसा विचार प्रस्तुत करके लेखक ने साहित्य - कर्म के लिए बहुत ऊंचा मानदंड निर्धारित किया है|' शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर विस्तार पूर्वक लिखिए |

3 .सर्वग्रासी काल की मार से बचते हुए वहीं दीर्घजीवी हो सकता है जिसने अपने व्यवहार में जड़ता छोड़कर नित बदल रही स्थितियों में निरंतर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है|पाठ 'शिरीष के फूल 'के आधार पर स्पष्ट करें|

4..जाति - प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है?क्या यह स्थिति आज भी है?

5 . जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अंबेडकर के क्या तर्क है? लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप किसे कहा गया है स्पष्ट कीजिए|

6 . आदर्श समाज के तीनों तत्वों के बारे में विस्तार पूर्वक लिखें तथा बताएं कि 'भ्रातृता " को रख कर लेखक ने अपने आदर्श समाज में स्त्रियों को भी सम्मिलित किया है अथवा नहीं ?

7 .'रुबाइयां ' के आधार पर घर आंगन में दिवाली और राखी के दृश्य बिंबो को अपने शब्दों में लिखिए |

8. फिराक की 'रुबाइयां 'में उभरे घरेलू जीवन के बिंबो का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए |

9 . फिराक गोरखपुरी की ग़ज़ल का केंद्रीय भाव लिखिए |

10 . छोटे चौकोने खेत को कागज का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित है?रचना के संदर्भ में ' अंधड ' और' बीज 'क्या है?

11 .'रस का अक्षय पात्र 'से कवि ने रचना कर्म की किन विशेषताओं की ओर इंगित किया है ?

12 .'बगुलों के पंख 'कविता में कवि उमा शंकर जोशी ने क्या कल्पना की है ?

13 .सिंधु सभ्यता साधन संपन्न थी,पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था कैसे ?

14 . सिंधु- सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी'---अतीत में दबे पांव के आधार पर उत्तर दीजिए |

15 .टूटे-फूटे खंडहर सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कते जिंदगियों के अनछुए समयों का भी दस्तावेज होते हैं|'-' अतीत में दबे पांव 'पाठ के आधार पर इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए |

16 .विशेष लेखन किसे कहते हैं और यह लेखन क्यों किया जाता हैं ?

17 .विशेष लेखन की भाषा शैली संबंधी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बताएं कि आज विशेष लेखन के कौन-कौन से क्षेत्र महत्वपूर्ण है ?

18 .पहले रेडियो मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन एवं सुलभ साधन क्यों हुआ करता था? रेडियो नाटकों की अवधि तथा पात्रों की संख्या कितनी रखनी चाहिए ?

19 .रेडियो नाटकों का लेखन अन्य माध्यम के लेखन से कुछ कठिन क्यों होता है तथा रेडियो नाटक लेखन हेतु कहानी का चयन करते समय क्या सावधानी रखनी चाहिए ?

20 . अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से आप क्या समझते हैं ? 'दीवाल घड़ी 'शीर्षक पर रचनात्मक लेखन लिखे ||

D.A.V. NANDRAJ PUBLIC SCHOOL
EXCELLENCE IN EDUCATION
ओ३म्
ARYA GYAN PRACHAR SAMITI